दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001
वर्ष :- 03 अंक :- 99 मुरादाबाद, 28 July 2023 (Friday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## राजस्थान से मोदी का I.N.D.I.A पर हमला, कहा- इंडिया की चिंता होती तो विदेश जाकर निंदा करते क्या



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान दौरे पर हैं। उन्होंने सीकर में 9 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि के 17 हजार करोड़ रुपये जारी किए हैं। साथ ही पीएम प्रणाम योजना और किसान समृद्धि केंद्र की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन कर सात का शिलान्यास भी किया। पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा- कांग्रेस और उसकी जामत उन फ्रॉड कंपनियों की तर्ज पर काम कर रही है जो एक कांड कर के नाम बदल कर दूसरे नाम से नया कांड कर सके। मोदी ने %इंडिया% गठबंधन की तुलना इस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कहा- अगर, उन्हें इंडिया की चिंता होती तो विदेश जाकर भारत की निंदा करते क्या। अगर, इन्हें इंडिया की चिंता होती तो क्या ये सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते। अगर, इन्हें इंडिया की चिंता होती तो क्या ये गलवां में सैनिकों की शहादत पर सवाल पूछते।राजस्थान में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। पेपर लीक उद्योग चल रहा है। राजस्थान के युवा काबिल हैं, लेकिन यहां की सरकार उनके भविष्य को बर्बाद कर रही है। यहां सत्ताधारी दल के लोगों पर ही पेपर लीक माफिया होने का आरोप लग रहा है।

युवाओं को पेपर लीक माफिया से बचाने के लिए कांग्रेस को हटाना ही होगा।पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार पैसे भेज रही है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, 10 साल में राजस्थान को टैक्स की हिस्सेदारी के रूप में 1 लाख करोड़ ही दिए गए थे। बीते 9 साल में भाजपा सरकार ने टैक्स हिस्सेदारी के रूप में राजस्थान को 4 लाख करोड़ से ज्यादा दिए हैं। जब केंद्र में 10 साल कांग्रेस की सरकार थी तब राजस्थान को सेंट्रल ग्रांट के रूप में भी करीब 50,000 करोड़ ही दिए गए थे, हमारी सरकार ने 9 साल में सेंट्रल ग्रांट के तौर पर राजस्थान को 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा दिए हैं।मोदी ने कहा-जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब विकास काम में रोड़े अटकाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने राजस्थान वासियों से वादा किया था कि हर घर नल से जल दूंगा, लेकिन राजस्थान सरकार इसे भी अटका कर रखना चाहती है।मोदी ने कहा कि राजस्थान को 7 मेडिकल कॉलेज और एकलव्य स्कूल भी केंद्र सरकार ने दिए हैं। केंद्र सरकार हमेशा से राजस्थान के विकास के लिए पैसे भेज रही है। 9 साल में राजस्थान को 4 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं।पीएम मोदी ने कहा- शेखावाटी की धरती ऋषि भूमि है। इस धरती ने भैरोंसिंह शेखावत जैसे नेता और और देश के उपराष्ट्रपति दिया है। यहां आने पर दिव्य अनुभूति मिलती है और आपका आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद अपार जन समुदाय बता रहा है कि राजस्थान में कमल खिलने वाला है, राजस्थान मैं सत्ता का परिवर्तन होने वाला है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीकर के सांवली सर्किल पर स्थित सभा स्थल पहुंच गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पीएम मोदी का मंच पर स्वागत किया। जिसके बाद पीएम ने अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने श्याम बाबा की जय कार के साथ अपने भाषण की शुरूवात की।पीएमओ और सीएम गहलोत के बीच चल रहे ट्विटर वॉर का पीएम मोदी ने अंत कर दिया। उन्होंने कहा कि सीएम अशोक गहलोत पैर में चोट लगे होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। इसका मुझे खेद है। वह जल्द हों, मैं उनके उत्तम स्वस्थ की कामना और प्रार्थना

कता पीएम मोदी न कार्यक्रम को संबोधित करते

हुए कहा कि सीकर के शेखावटी का यह क्षेत्र किसानों का गढ़ है। यहां का किसान पानी की कमी के बाद भी फसल पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार ऐसी सरकार आई है, जो किसानों के साथ खड़ी है। पीएम ने कहा- भारत का विकास तभी हागा जब गांव का विकास होगा। भारत के गावों में हर वो सुविधा पहुंचाने का काम कर रही है, जो शहरों में मिला करती है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सीकर में किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि के 17 हजार करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। साथ ही पीएम प्रणाम योजना और किसान समृद्धि केंद्र की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन कर सात का शिलान्यास भी किया। आजादी का आंदोलन जब पूरी प्रखरता पर था तो महात्मा गांधी ने एक नारा दिया था, तब महात्मा गांधी ने जो नारा दिया था आज फिर से देश के कल्याण के लिए उस नारे की जरूरत है। महात्मा गांधी ने नारा दिया था- अंग्रेजों भारत छोड़ो और अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा था। जैसे गांधी जी ने भारत छोड़ो का नारा दिया था, वैसे ही आज का मंत्र है- भ्रष्टाचार छोड़ो इंडिया, परिवारवाद छोड़ो इंडिया, तुष्टिकरण छोड़ो इंडिया। यह क्विट इंडिया ही देश को बचाएगा। इसी के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन समाप्त कर दिया।

## राहुल गांधी ने PM मोदी पर साधा निशाना, कहा- उनकी विचारधारा ने मणिपुर को जलाया



कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर को लेकर एक शब्द भी नहीं बोला। एक प्रदेश जल रहा हो तो देश का प्रधानमंत्री कुछ न कुछ तो कहेगा। आपको लगा होगा कि पीएम हवाई जहाज से मणिपुर का दौरा करेंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर मणिपुर मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को मणिपुर से कोई लेना देना नहीं है। वो जानते हैं कि उनकी ही विचारधारा ने मणिपुर को जलाया है।

### एक शब्द भी क्यों नहीं बोल रहे पीएम

कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर को लेकर एक शब्द भी नहीं बोला। देश का एक प्रदेश जल रहा हो तो देश का प्रधानमंत्री कुछ न कुछ तो कहेगा। आपको लगा होगा कि देश के पीएम हवाई जहाज से मणिपुर का दौरा करेंगे। कम से कम इंफाल में ही जाकर लोगों से बात करें, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

### सिर्फ RSS के प्रधानमंत्री

उन्होंने आगे कहा कि देश का पिछला कोई भी पीएम होता, चाहें फिर वो कांगेस का ही क्यों नहीं वह वहां जाकर बैठ जाते। मगर आपको हैरानी होगी देश के प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जा रहे हैं। मणिपुर के बारे में बोल क्यों नहीं रहे हैं। क्योंकि नरेंद्र मोदी चुने हुए लोगों के प्रधानमंत्री हैं। आरएसएस के प्रधानमंत्री हैं। उन्हें मणिपुर से कोई लेना देना नहीं है। वो जानते हैं कि उनकी ही विचारधारा ने मणिपुर को जलाया है।

### देश के दर्द से नहीं पड़ता फर्क

राहुल ने आगे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि BJP-RSS सिर्फ सत्ता चाहती है और सत्ता पाने के लिए ये कुछ भी कर सकती है। सत्ता के लिए ये मणिपुर को जला देंगे, सारे देश को जला देंगे। इनको देश के दुख और दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि आपके दिल में देशप्रेम है। जब देश को चोट लगती है, देश के किसी नागरिक को चोट लगती है तो आपके दिल को भी चोट लगती है। आप उदास हो जाते हैं। मगर भाजपा और आरएसएस के लोगों को कोई दुःख नहीं, कोई दर्द नहीं हो रहा, क्योंकि ये हिंदुस्तान को बांटने का काम कर रहे हैं।

## संसद में आसानी से पास हो सकता है दिल्ली अध्यादेश, जगन की पार्टी देगी एनडीए को समर्थन



राज्यसभा में वाईएसआर का समर्थन सरकार के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है और लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी दिल्ली अध्यादेश आसानी से पास हो सकता है।दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए लाया जा रहा %नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (संशोधन) बिल, 2023% संसद के दोनों सदनों से आसानी से पास हो सकता है। लोकसभा में एनडीए का बहुमत है लेकिन राज्यसभा में एनडीए को परेशानी हो सकती थी लेकिन अब एक पार्टी ने एनडीए की उस परेशानी को भी दूर कर दिया है। बता दें कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के बिल को अपना समर्थन दे सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने इसकी जानकारी दी है।अविश्वास प्रस्ताव पर भी सरकार का समर्थन कर रही वाईएसआर सीपी- वाईएसआर कांग्रेस पार्टी बुधवार को मणिपुर मुद्दे पर संसद में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर भी सरकार का समर्थन कर रही है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को राज्यसभा में नौ और लोकसभा में 22 सांसद हैं। राज्यसभा में वाईएसआर का समर्थन सरकार के लिए बेहद अहम साबित हो सकता है और लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी दिल्ली अध्यादेश आसानी से पास हो सकता है। वाईएसआरसीपी के नेता वी विजयसाई रेड्डी ने बताया कि उनकी पार्टी अविश्वास प्रस्ताव और दिल्ली अध्यादेश के मुद्दे पर सरकार का समर्थन करेगी। पार्टी के सांसदों को भी इस बारे में जानकारी दे दी गई है। नौ सांसदों वाली बीजू जनता दल भी एनडीए सरकार का समर्थन कर सकती है। हालांकि अभी तक नवीन पटनायक ने अपना रुख साफ नहीं किया है।

### विपक्ष का समर्थन जुटा रही आप सरकार

बता दें कि केंद्र सरकार नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (संशोधन) बिल, 2023 जल्द ही संसद में पेश कर सकती है। इस बिल की मदद से दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर केंद्र सरकार का नियंत्रण हो जाएगा। दिल्ली की आप सरकार इस बिल का विरोध कर रही है। दिल्ली सरकार केंद्र पर चुनी हुई सरकार को कमजोर करने और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने के लिए लाया गया बिल बता रही है और विपक्षी पार्टियों से बिल का विरोध करने की अपील कर रही है।

## यूपी में जलमार्ग परिवहन का होगा विस्तार, प्राधिकरण के गठन का निर्देश दिया गया



यूपी में जलमार्ग परिवहन का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी कर दिए हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विमर्श किया और अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में जलमार्ग परिवहन का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है। अंतर्देशीय जल परिवहन में यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए परिवहन के एक साधन के रूप में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। हमें इसे विस्तार देना होगा।उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का प्रदेश है। यहां अधिकांश नदियों में हर समय पर्याप्त जल उपलब्ध रहता है। प्रदेश में जल परिवहन की प्राचीन परंपरा रही है। एक समय था कि जब अयोध्या की राजकुमारी जलमार्ग से ही दक्षिण कोरिया गईं थीं। बदलते समय के साथ इस सेक्टर को उपेक्षित कर दिया गया।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश में जलमार्गों के सृजन, विकास और उन्हें यातायात व माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। इसे नियोजित रूप देते हुए प्रदेश में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया

## अखिलेश यादव बोले- BJP और PM एक, मणिपुर हिंसा के लिए बीजेपी की वोट बैंक की राजनीति और नफरत जिम्मेदार



समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मणिपुर हिंसा को लेकर एक बार फिर भाजपा आरएसएस और पीएम मोदी पर हमला बोला है। अखिलेश ने मणिपुर हिंसा के लिए आरएसएस की नफरत और बीजेपी की वोट बैंक की राजनीति को जिम्मेदार बताया है। अखिलेश ने कहा कि अगर सब पता होते हुए सरकार ने सब देखा है तो सरकार को सत्ता में नहीं रहना चाहिए। मणिपुर में हिंसा का दौर जारी है। वहीं, कुकी जनजाति? की दो लड़कियों के निर्वस्त्र कराकर घुमाये जाने और यौन उत्पीड़न का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे देश में राजनीति गरमा गई है। इस मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के गठबंधन इंडिया के बीच बयानों की जंग जारी है। विपक्ष जहां एक ओर इस मामले में संसद में पीएम मोदी से जवाब मांग रहा है वहीं, इस मामले में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा, आरएसएस व पीएम मोदी पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव कहते हैं, बीजेपी और पीएम एक हैं। आरएसएस द्वारा फैलाई गई नफरत और बीजेपी की वोट बैंक की राजनीति - मणिपुर में जो कुछ भी हो रहा है, वह इसी के कारण है। सरकार को हर चीज की जानकारी होनी चाहिए. ऐसा नहीं हो सकता कि एजेंसियों को पता न हो। वहां जो कुछ भी हो रहा है, उसकी उन्हें जानकारी होनी चाहिए. अगर सरकार ने यह सब होते देखा है, तो उन्हें सत्ता में नहीं रहना चाहिए। अखिलेश ने यह भी कहा कि भाजपा की तरफ से ये बात आ रही है कि अर्थव्यवस्था में हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। क्या अर्थव्यवस्था में 1 नंबर पर पहुंचने से देश में नारियों और बेटियों का ये सम्मान होगा? मणिपुर की घटना ने सबको बात करने के लिए मजबूर किया है, इसके लिए सदन से बेहतर कौन सी जगह है?...वहां क्या-क्या हो रहा है सब सरकार को पता होगा, अगर सब पता होते हुए सरकार ने सब देखा है तो सरकार को सत्ता में नहीं रहना चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह बयान दिल्ली में दिया है।

## संपादकीय Editorial

### Implications of no confidence motion

The opposition's no-confidence motion against Prime Minister Modi and his government may prove to be a 'political maneuver'. The opposition knows and has been continuously realizing that the BJP-NDA enjoys a thumping majority of around 335 MPs in the Lok Sabha, while the support of 272 MPs is sufficient for a simple majority. Despite the no-confidence motion, neither the Modi government will fall nor the current political scenario will change. However, due to the motion of no confidence, the Prime Minister will be more or less bound to make his statement in the Lok Sabha. It is obvious that he will definitely speak on Manipur, but in Rajasthan, Bengal, Bihar and Chhattisgarh, apart from women, youths were forced to strip, other sexual crimes were also committed, the Prime Minister will definitely keep those aspects in the House. The total politics of the opposition is that the Prime Minister should present his government's side on the situation in the North Eastern states including Manipur, so that in his retort, the opposition can siege the Prime Minister by presenting its arguments and its facts and the politics of 2024 can be kept alive. The opposition has suddenly grown attracted to Manipur, while history has witnessed that during the 'peak phase' of militancy, the situation was so explosive and violent that the Indian Air Force had to intervene.

Then the Prime Minister of the country was Indira Gandhi. Drug syndicates and illegal arms dealers from countries like Myanmar, Thailand etc. have been active in Manipur. Just three days ago, 718 infiltrators from Myanmar entered Manipur illegally. Why the opposition never raised this issue. Perhaps during the no-confidence debate, the opposition should remember that this is also true of the conditions in a part of 'India'. In fact, the opposition wants to defeat Prime Minister Modi and his BJP by laying a political board through Manipur, which does not seem possible at the moment. On July 20, 2018, the opposition led by the Congress also presented the first no-confidence motion against the Modi government, but the ruling party got 325 votes and the opposition got 126 votes. The conclusion of disbelief was in front. If the opposition brings a no-confidence motion this time too, then the first prerogative is the speaker to approve the motion or not. It can be rejected only on any constitutional, technical grounds. The strategy of the opposition is that in view of the comparisons made by the Prime Minister with the newly formed 'India' alliance, propaganda should also be made that the Prime Minister has indirectly condemned the country of India. insulted. Although the short nomenclature of the alliance is not synonymous with 'India' or 'Bharat', the opposition wants to play emotive politics through this 'masterstroke' nomenclature as well. We do not think it will have any wider nationalist ramifications. However, on this word and issue, the opposition may have to face logical attack from the ruling party and especially from the Prime Minister. However, various 50 Lok Sabha MPs of the opposition will give or must have given notices of the no-confidence motion! The Congress has also issued a three-line 'whip'. Former UPA-Congress chairperson Sonia Gandhi is also scheduled to address the parliamentary party meeting on Wednesday. There is full preparation to play the politics of no-confidence. The motion of no confidence is effective only in the Lok Sabha, because all the MPs are directly elected by the vote of the people and come to the house. Rajya Sabha is the house of different states of the country. Often the central governments do not have a majority in the Rajya Sabha. Neither is BJP-NDA, but they have the maximum number of MPs.by the majority or minority on any proposal in the Upper House, so even now the entire power is vested in the Lok Sabha.

# When the voices of concern are weak, the poems of 'rebels' speak like a crowd

Life seeks stability. The poet chose impermanence. Stayed homeless, every night's door was his home. Where there is evening, where there is sleep, there should be home. He lived life like this. Rama Shankar Yadav's name faded away and he became a rebel, a poet rebel and a poet of rebellion. Everyone knew him by this name. If Logbagh had come to JNU, they would have searched for him by this name. If the rebels had gone somewhere for some time, JNU would have searched for them by this name. This was his home. He would stand at the required time in the empty spaces of the dhaba and all the places here, like the necessary word. If there were less people in the battle, his poems would have started speaking like a crowd. The stones of JNU got used to the marks on his back which might still be there. One winter day, he went to the city, to be a participant in a fight with the students, and when he returned, his body was returned. He fell silent while babbling the poem... - That was the evening of December 3 years ago. While chanting some slogans, muttering some poems, he suddenly fell silent. Right there, in the midst of the crowd of the city and the procession. He was a rebel from the methods of poetry to life itself. He was not a writer of poems, he was a weaver poet who weaves poems within himself and recites them from time to time. The poet whose nothing is written, everything is said. Other people wrote what he said and gave the title of his only book 'Nayi Kheti'. The rebels were like an image in human form. Giving different meaning to understand everyone, shabby in life and veneer, and a strong folk poet within him. Full stop to those judging the man by the veneer. Explaining some other meaning of human identity. They used to give a way to understand the human being and to find it from within. To be left out in countless names is to be a poet...-which is in the language of that person, which is in the way of living his life. His name was left out in the names of the included poets. From the critics as well as from the teachers of literature. To be left out in countless names is to be his poet. A poet of a different path, a poet on his way to the footpath. People say that they left their studies incomplete, while the fight for the country and Delhi remained their study till the last moment. Processions, slogans, crowds and celebrations were his books. He was an equal in the battles for change. After everyone's words, he would say his words in the end, say it loudly and this would be his poem. In which history would have been limited to the present. The history that has not been written. Which instead of writing kept getting erased every time. He continued to narrate to the one who had disappeared. Kept telling history in poetry. While talking about saving themselves, they talk about saving a history, a civilization. They write that- You all those people together save me- with whose blood, pyramids, towers, walls were built, because to save me is to save that woman, whose dead body is lying on the last step of the pond of Mohenjodaro, I To save is to save that person, whose bones are scattered in the pond, to save me is to save my ancestors, to save me is to save my children, you save me! I am your poet, I am a farmer, I am sowing paddy in the sky. To save this is to save that society in history, which is building the world and itself is constantly dying. Whose creation is to become history, history is creation but it has been disappeared from there. It is a consciousness that the rebels stand up for in many of their poems to testify for the toiling masses. His poems used to ask questions, argue and give answers. Just as his life was a life of breaking stereotypes, in the same way he used to break stereotypes through questions and arguments in his poems. Used to argue with religion, used to insist on it in the language of rebellion, in the new farming poem he says that- I am a farmer sowing paddy in the sky, some people are saying that paddy does not freeze in the crazy sky, I say that Gaggle - Google If God can freeze on the ground, then paddy can also freeze in the sky... who would be that last woman in the future, in this way they used to ask questions. Reasoning in question and turning logic into stubbornness, stubbornness is the root of the end of his poetry. Which is visible in both his life and poetry. We can see the same stubbornness with logic at the end of one of his poems 'Aurat' which he used to recite often. Which he used to tell with the help of the question that- who was the first woman in history who was burnt first, I do not know but whatever it may have been my mother, but my concern is that in future who will be the last woman who will be burnt at the end. I don't know if I will be burnt, but whatever happens, it will be my daughter and I will not let this happen, this stubbornness is rebellion. To stick to one's point with arguments is to be a rebel. Even in the last night of the last century, one of his poems, he writes that- Oh my god! Now enough is enough Leave the way for the man I am guilty Give me the punishment You cut my throat Break my head The earth saw the sky Nihara... Vidrohi also wrote some poems in Awadhi. Whose subjects were the people of Awadh and the people of Awadh. Explaining to the land, Birha and the surroundings. This was his own country, whose patriotism he used to understand very well and used to tell. While speaking in Hindi, he started reciting Awadhi. Along with these arguments, he used to poem the question in the language of easy speaking. He used to answer and his expectation also remained from there. Where there are people, where everyone is thinking something together. all solving problems together Are. In his poem 'Koi Raah Nikal Aayegi', he narrates that- When I saw the earth, I could not see the sky, when I could not find any support, then I thought that I will go to the market, I will know the feelings, nothing will happen.

# Magical world of world cinema: Hollywood superstar Harrison Ford

Harrison is very fond of his film 'The Mosquito Coast'. Now they have become much kinder and gentler than before. But they do not hesitate to show their differences with the policies of their country. He had strong views on the Vietnam War. With 45 awards to his credit, Harrison Ford is a Hollywood superstar. But he is not just a skilled actor, he is a man of many talents, he is also a private pilot, he flies fixed-wing aircraft and helicopters, helping people in need. He has his own aircraft. Many people have money but very few people use it for social work. He is also an Honorary Board Member of The Humanitarian Aviation Organization 'Wings of Hope'. Not only this, the actor had mastered carpentry before acting, doing it as a profession and still does carpentry as a hobby. He mainly remodels homes and as his reputation for cabinet making spreads, he becomes in demand in the area. But now let's talk about his acting and his films. Born on July 13, 1942, in Chicago, the actor's father's name was Christopher Ford, who was first an actor and later joined an advertising company. Jewish mother Dorothy is a radio artist, that is, acting has been inherited by Harrison. Did not feel like studying much. He did an acting course at Ripon College in Wisconsin, but before completing it, he signed a contract with Universal again. Earlier, he did not get major roles in films and TV but only got secondary roles. In these, the names of 'Arnside' and 'The Virginian' are often taken. When he did not get the desired success in films, he turned towards carpentry. He did this work for four years and then in 1973 he played Bob Falfa in 'American Graffiti' and four years later his film 'Star Wars: Episode 4 - A New Hope' (1977). In this, he has become Han Solo and this film turned out to be amazing. He wanted Han Solo to die at the end of 'Star Wars: Episode 6 - Return of the Jedi' (1983), but director George Lucas was not in favor of it. And after four years, another miracle happened. In 1981, his starring film 'Indiana Jones and the Raiders of the Lost Ark' came. In this he became Indiana Jones. He came to be known as an intelligent character. After the first screen test, he was told that you have no future in this business. But his future was here. Harrison Ford has a beautiful smile. If you don't believe me, watch the movie 'American Graffiti'. He is annoying but does not hit. His character of Bob Falfa in this film is without any particular complexity. 'Star Wars' - the series of films - 'Star Wars' is a series of films. Often series films become boring, but the specialty of this film of George Lucas is that its craze increased with each subsequent episode. Each episode is also a complete movie in itself, leaving a lot of scope for what's to come. The classic masterpiece 'Star Wars: Episode 4 - A New Hope' stars Harrison Ford in a stellar performance as the character Han Solo is introduced for the first time. Even today people talk about it. Perhaps number four is lucky for him, because four years later, Harrison Ford, the quiet but charming demeanor, received his first nomination for both an Academy Award and a Golden Globe for his portrayal of John Book in Witness (1985). Although this film got Oscar for screenwriting and editing. In this two-hour film by Peter Weir, an Amish boy is on his way to Philadelphia with his mother when a murder occurs. The boy is the only witness to this murder. Public Prosecutor John Book (Harrison Ford) tries his best to save the child, but in the process, his life is at stake. Eventually he hides in Amish territory. And there this tough-tempered lawyer gives his heart to a woman from the Amish community. Film 'Indiana Jones and the Temple of Doom' - Four years after this, his film 'Indiana Jones and the Temple of Doom' comes. Indian audiences will be happy to know that the film directed by Steven Spielberg also features a number of Indian actors. There are Roshan Seth, Amrishpuri (Mola Ram), Dharmadas Kurup as well as a Sri Lankan actor D.R. Nanayakkara also appears here. Melissa Mathison, the actor's ex-wife who did her own stunts in the films, wrote the screenplay for E.T. The Extra-Terrestrial. He married Melissa in 1983, they have two children, both of whom separated in 2004. He was previously married to Mary Marquardt in 1964, with whom they had two children, and were divorced in 1979. Nowadays i.e. since 2010, Calista Flockhart is the wife of Harrison Ford and they have a child. Harrison is very fond of his film 'The Mosquito Coast'. Now they have become much kinder and gentler than before. But they do not hesitate to show their differences with the policies of their country. He had very strong views on the Vietnam War. Once the opportunity came when he had to join the army. He was called for a physical test and it was certain that he would pass it and get selected in the army. He had two options either to go for trial or to raise his objection. those He chose the second option. Not satisfied with American films, American foreign policy makes him very restless, he feels that something should be done about it. He is also not satisfied with the American film. According to him, many movies out there today are made like video games, whereas movies should tell the story of human life and relationships. Today, most of the films out there are made for children in the age group of 12-20 years. Working mostly with George Lucas and Steven Spielberg, Harrison rehearses sparingly but impresses with his performances. Performing the stunt himself resulted in a torn knee ligament during the filming of a special trailer for The Fugitive. When he started acting, he thought he would become a character actor and would never get a lead role. They used to think that lead roles go to those who are good looking and have talent. Intelligent people often underestimate themselves. 'Harrison Ford: Hollywood Hero' is his latest film.

# जिला कारागार में प्रशिक्षण पाकर कुशल बन रहे बंदी

## 216 पुरुष बंदियों को धातु कारीगरी का प्रशिक्षण, 25 महिला बंदियों ने सीखी सिलाई




मुरादाबाद- जिला कारागार के बंदियों को धातु कारीगरी, सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। ताकि सजा पूरी होने के बाद उन्हें रोजगार संबंधी समस्याओं ने जूझना पड़े। 216 पुरुष बंदियों को धातु कारीगरी और 25 महिला बंदियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं डीजी जेल ने भी वर्चुअल मीटिंग में वरिष्ठ जेल अधीक्षक से बंदियों के प्रशिक्षण में आ रहीं व्यावहारिक दिक्कतों को भी जाना। जिला कारागार में हैंडीक्राफ्ट वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) में शामिल है। इसके तहत बंदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अभी तक 216 पुरुष बंदी प्रशिक्षित भी हो चुके हैं। इनके अलावा महिला बंदियों को भी हुनरमंद बनाया जा रहा है। इसी मामले में बुधवार सुबह 11 बजे के दौरान डीजी जेल एसएन साबत ने जूम मीटिंग कर वरिष्ठ जेल अधीक्षक से ओडीओपी की गति देने में आ रही बाधाओं के बारे में जाना।साथ ही जेल में क्षमता से अधिक बंदियों की समस्या को दूर करने के संबंध में भी चर्चा की। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि हैंडीक्रॉफ्ट में बंदियों को धातु की कारीगरी का तीन महीने का प्रशिक्षण दिया गया है। यह प्रशिक्षण जेल के 216 बंदियों ने पाया है। इसके अलावा 25 महिला बंदियों ने भी सिलाई-कढ़ाई करना सीखा है। अब इन प्रशिक्षित बंदियों को कौशल विकास मिशन की तरफ से प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित बंदियों में कई की जमानत होने की उम्मीद है। कुछ ऐसे भी हैं, जिनकी अधिकतम सजा छह-सात साल की है उनमें कई की सजा पूरी होने वाली है। सजा पूरी होने के बाद उन्हें जेल से रिहा किया जाएगा। चूंकि बंदियों ने प्रशिक्षण पा लिया है, इसलिए वह रिहा होकर अपराध की तरफ रुख करने की बजाय अपना कुछ न कुछ रोजगार कर सकेंगे। इससे वह अपने परिवार का आसानी से भरण-पोषण कर सकेंगे।वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि कोशिश हो रही है कि जो बंदी सजा पाए हैं, उनका जेल में निरुद्ध रहने के दौरान समय खराब न हो उन्हें रोजगार के लिए उस बीच में कुछ न कुछ हुनर दिया जाए और उसी के तहत जेल में बंदियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। पढ़े-लिखे बंदियों को कंप्यूटर में प्रशिक्षित करने के लिए ही उन्होंने हाल ही में जेल में कंप्यूटर केंद्र संचालित कराया है। इसमें छह कंप्यूटर सिस्टम लगाए गए हैं। कंप्यूटर केंद्र में प्रारंभिक चरण में 45 बंदियों को प्रशिक्षक विभिन्न कोर्सों से ट्रेंड कर रहे हैं। इसी तरह पढ़ी-लिखी महिलाओं को भी कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के अधिकारियों का भी सहयोग मिल रहा है।

### जेल में क्षमता से ढाई गुना अधिक बंदी

वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि कारागार में क्षमता से ढाई गुना अधिक बंदी निरुद्ध हैं। इसलिए कारागार में बंदियों से किसी तरह का उत्पाद का निर्माण करा पाना संभव नहीं हो पा रहा है।

ऐसे में उन्हें धातु कारीगरी, कंप्यूटर कोर्स में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नई जेल बनाने के लिए जमीन मिल गई है। उम्मीद है कि यथाशीघ्र प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा।

# बेटे-बहू के सताए बुजुर्ग मां-बाप का पुलिस बनेगी सहारा, एकत्र किया जा रहा ब्योरा

## पीआरवी कार्यालय पहुंचकर ब्योरा दर्ज करा रहे बुजुर्ग, रिश्तेदार और पड़ोसियों का भी विवरण जुटा रही पुलिस







मुरादाबाद- ब्योरा दर्ज कराने पहुंचे दलपतपुर के आदिल हुसैन व अफसर अली, कंपोजिट पुलिस कंट्रोल रूम कार्यालय में दूसरी मंजिल पर है पीआरवी सेल। खबरदार, यदि आप अपने बुजुर्ग माता-पिता को परेशान करेंगे तो आप परेशानी में पड़ सकते हैं। पड़ोसी या अन्य किसी ओर ने भी बुजुर्गों को परेशान किया तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। बुजुर्गों की देखरेख करने और उनकी हर जरूरत को पूरा करने के लिए पुलिस को तैयार किया जा रहा है। बुजुर्ग के परिवार में कौन-कौन है, उसके पड़ोसी और रिश्तेदार कौन है आदि विवरण जुटने के लिए पुलिस उन तक पहुंच रही है। बुजुर्गों का विवरण ऑनलाइन साफ्टवेयर पर फीड किया जा रहा है। बुजुर्ग को कौन सी बीमारी है, उनका ब्लड ग्रुप क्या है आदि विवरण संग पुलिस करीब 30-35 बिंदुओं पर बुजुर्गों का विवरण एकत्र कर रही है। इसके बाद बुजुर्ग को बस सिर्फ यूपी डॉयल-112 पर एक कॉल करनी होगी, तुरंत पुलिस बुजुर्ग की सेवा में हाजिर हो जाएगी। पुलिस रिस्पांस व्हीकल (पीआरवी) सेल के प्रभारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि कभी-कभी सामने आता है कि किसी बुजुर्ग का परिवार बाहर रह रहा है और बुजुर्ग अपने घर में अकेले है। ऐसे में उसके सामने बुढ़ापे में तमाम कठिनाई आती हैं। बीमारी में दवाई लेने जाना भी उनके लिए मुश्किल होता है। बताया, किसी बुजुर्ग को दिक्कत न हो और न ही उसे कोई परेशान कर पाए, इसके लिए पुलिस कार्य कर रही है। बताया, इस तरह अब तक उन्होंने जिले के 25 हजार बुजुर्गों का विवरण जुटा लिया है। छजलैट थाना पुलिस ने काफी अच्छा काम किया है। अब तक छजलैट थाना पुलिस ने दो हजार से अधिक बुजुर्गों के पास जाकर उनका विवरण जुटाकर पीआरवी कार्यालय में उपलब्ध भी कराया है।

### एसएसपी कर रहे हैं समीक्षा

पीआरवी प्रभारी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में 20 थाने हैं, इन सभी थानों को बुजुर्गों का विवरण जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस कार्य की आए दिन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना समीक्षा भी कर रहे हैं।

### विवरण जुटाने में आ रहीं व्यावहारिक दिक्कतें

पीआरवी प्रभारी ने बताया, बुजुर्गों का विवरण जुटाने में पुलिस के सामने व्यावहारिक दिक्कतें आ रही हैं। बुजुर्ग या उसके परिवार वाले पुलिस को देखकर संबंधित बिंदुओं पर जानकारी देने से कतरा भी रहे हैं। वह समझ नहीं पा रहे हैं कि पुलिस संबंधित बुजुर्ग का विवरण क्यों जुटा रही है। उन्होंने बताया कि किसी बुजुर्ग का विवरण पुलिस के पास आने से उसका ही लाभ है। यदि किसी बुजुर्ग की कॉल 112 पर आती है तो उसे खोजने में समस्या नहीं आएगी और पुलिस उन तक पहुंचकर संबंधित समस्या का निस्तारण कर सकेगी।

# चुनावी रंजिश में ग्राम प्रधान के पति को घेरकर पीटा


मुरादाबाद- गांव गक्खरपुर में चुनावी रंजिश में हुए हमले में प्रधान का पति घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराय गया है। गांव निवासी रईस अहमद की पत्नी लगातार तीन बार प्रधान का चुनाव जीत चुकी है। जिससे कई लोग प्रधान के पति से रंजिश रखने लगे। मंगलवार शाम पांच बजे जब रईस अहमद गांव निवासी किसी बीमार व्यक्ति से मिलने जा रहा था। तभी गांव निवासी मोहम्मद शमी, साजिद, साहबउद्दीन और आसिम ने रईस अहमद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि कई बार कनपटी गोली मारने की कोशिश की गई। लेकिन गोली मिस होने के कारण लग नहीं पाई तो लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर प्रधान के पति को बचाया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल डिलारी में भर्ती करा दिया। जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। जहां रईस अहमद की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# उ0प्र0 विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद -उ0प्र0 विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक डा0 हरिसिंह ढिल्लो मा0 सभापति की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बिन्दुवार विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी, जिसमें जनपद के अर्न्तगत सभी समस्त कार्यालयों में जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2022 के मध्य कार्मिक सेवानिवृत्त हुए से संबंधित पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति का विवरण लिया गया। वृद्धावस्था, विधवा पेंशन के कितने मामलें विगत 3 वर्षो से अधिक समय से लम्बित, किसानों के प्रतिकर के संबंधित जिनते मामलें विगत 3 वर्षो से जिसमें अधिग्रहण हो गया है, प्रतिकर का भुगतान न किया गया हों, जनपद में बिजली, पानी से संबंधित कितने मामलें हैं जिनकी स्वीकृति मिल जाने के बाद ही विगत 01 वर्ष से लम्बित है, भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सीलिंग संबंधित प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में मामलें विगत 01 वर्ष से अधिक है, जनपद के सभी विभागों में मृतक आश्रित के कितने मामलें विगत 03 वर्षो से लम्बित हैं तथा कितने मृतक आश्रितों को सेवायोजित किया जा चुका है सहित अन्य विवरणों पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा समिति को फूड फॉर्टिफिकेशन के बारे में अवगत कराया गया। मा0 सभापति ने खाद्य सुरक्षा के संबंधित अधिकारी को नकली दूध बेचने व बनाने वाले पर सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए छापामारी बढ़ाने के भी निर्देश दिये। आयुष विभाग के संबंधित अधिकारी से मा0 सभापति ने होम्योपैथिक विभाग में फार्मासिस्ट के पदों को चीफ फार्मासिस्ट के पदों पर उच्चीकृत करते हुए पदोन्नति कराए जाने के संबंध में जानकारी ली। बैठक में मा0 सभापति ने जनपद के अर्न्तगत सभी कार्यालयों में जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2022 के मध्य कार्मिक सेवानिवृत्त हुए, से संबंधित पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति का जायजा विभागवार लिया।कारी को लम्बित प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी को 12 प्रकरण लम्बित होने पर जल्द निस्तारण करवाने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी को लम्बित 19 प्रकरणों को जल्द निपटाकर 15 दिन के अन्दर समिति को सूचना देने के निर्देश दिए। मा0 सभापति ने पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि उत्तराधिकार वाले प्रकरणों को भी प्राथमिकता स्तर परे जल्द से जल्द निपटवाये।

# झूठी निकली जूही के अजय की बांग्लादेश में लहूलुहान होने की कहानी

## साल 2022 में करवाचौथ के दिन सास-बहू में हुआ विवाद तो बांग्लादेश लौट गई थी जूली





मुरादाबाद- करीब पंद्रह दिनों के चर्चित अजय-जूली प्रकरण की पटकथा अब लगभग बंद हो चुकी है। पूरा मामला सामने आ गया है। अजय जूली को धर्मपत्नी कहकर जीवन भर साथ रहने का मन बना चुका है। जबकि उसकी मां सुनीता बांग्लादेशी बहू के साथ रहने को तैयार नहीं है। बुधवार को अजय ने अमृत विचार से खुलकर बात की। बताया, वर्ष 2017 में फेसबुक के जरिए उसकी जूलिया अख्तर उर्फ जूली से दोस्ती हुई थी। तब उसने (जूली) अपने बारे में बताया था कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है और उसके एक बेटी भी है। फिर एक दिन जूली ने फेसबुक पर ही कहा था कि उसे हमसे (अजय) शादी करनी है तो हमने कहा था कि आप तो मुस्लिम हो और हम हिंदू हैं। शादी कैसे कर सकती है? इस पर जूली ने हिंदू धर्म अपना कर शादी कर लेने को कहा था। हमने सवाल किया कि आप तो बांग्लादेश की हो, यहां भारत कैसे आओगी? तो जूली ने कहा था कि वह वीजा लेकर आ जाएगी। जूली जून 2022 में वीजा लेकर भारत में प्रवेश कर यहां आ गई थी। कुछ ही दिन के अंतराल पर हमने 15 जून 2022 को जूली से शादी कर ली। शादी के 15 दिन बाद जूली ने बताया कि उसके मायके में किराएदारों से विवाद हो गया है, उसे बांग्लादेश जाना होगा। तब वह चली भी गई थी। उस दौरान भी हमने जूली से वीडियो कॉल कर हालचाल जाना था। करीब ढाई महीने बाद जूली बांग्लादेश से लौटकर यहां आई और मेरे साथ डेढ़ महीने रही भी। उसी बीच मैं अपने काम पर कर्नाटक चला गया, वहां मैं धान काटने वाली हार्वेस्टिंग मशीन का ऑपरेटर हूं। मेरे कर्नाटक जाने के बाद करवाचौथ के दिन मां सुनीता और जूली के बीच आपस में विवाद हुआ तो वह अक्टूबर 2022 में बांग्लादेश चली गई। बताया कि वह (अजय) कर्नाटक से 11 महीने बाद वापस लौटा। यहां जूली के नहीं होने पर मां सुनीता से कारण पूछा तो मां के जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ।

### अजय बांग्लादेश नहीं, पश्चिम बंगाल में था

अजय ने बताया कि कर्नाटक से लौटने के बाद वह करीब 15 दिन यहां घर पर रुका। बाद में बांग्लादेश बॉर्डर पर गया था। वहां जूली से उसने एक सिम लिया था जो भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तीन-चार किमी की परिधि में सक्रिय था। इससे जूली से बातचीत में आसानी हो गई थी। अजय ने कहा कि वह बांग्लादेश गया ही नहीं था। वह बांग्लादेश के बॉर्डर पर जूली से मिलकर पश्चिम बंगाल में आकर किराए के कमरे में रहने लगा था। यहां करीब दो-ढाई महीने रहा। इस दौरान उसके पास कमरे का किराया और खाने-पीने का कर्ज हो गया था तो मां को फोनकर 15,000 रुपये बैंक खाते में डाला देने की मांग की थी। व्हाट्सएप पर खून से लथपथ आई अपनी तस्वीर के बारे में अजय ने कहा, उसे पत्नी जूली ने मारा-पीटा नहीं था। बारिश हुई थी तो उसी बीच रास्ते में उसका पैर फिस गया था, जिससे उसके चोट आ गई थी। चोट दिखाने के लिए मां को व्हाट्सएप पर तस्वीर भेज दी थी और मां ने यहां बवाल बना दिया।

### अजय बोला, शादी की है जूली मेरी धर्मपत्नी

सवाल के जवाब में अजय ने कहा, उसकी पत्नी अब जूलिया अख्तर नहीं बल्कि जूली है। उसने जूली से हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया है, वह उसकी धर्मपत्नी है। वह जल्द ही वीजा बनवाकर भारत आकर उसके पास रहेगी। अजय ने कहा, वह हिंदू है और हिंदू धर्म में कहां होता है कि कोई अपनी पत्नी को छोड़ दे। कहा, अब जूली ने अपना धर्म परिवर्तन कर हमें अपना है और शादी की है तो उसका भी फर्ज बनता है पत्नी का साथ दे। अजय ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल में था और उसके व जूली के बारे में जो भी मीडिया में चल रहा था उसे जानकारी मिल रही थी। इसलिए पुलिस की कार्रवाई और अपनी गिरफ्तारी के डर से वह घर लौट आया और सीधे पुलिस के पास जाकर सच बता दिया।

### सुनीता बोली, बंग्लादेशी बहू हमें नहीं चाहिए

अजय की मां सुनीता ने कहा साफ कहा है कि उसे बांग्लादेशी बहू नहीं चाहिए। हां, वह हाथ जोड़कर कह रही है कि बेटे अजय से ने हंसी-खुशी से उससे शादी की है तो किसी दूसरे घर को किराए पर ले और अपनी पत्नी के साथ जीवन बिताए। सुनीता ने यह भी कहा कि वह आज बहुत खुश है, उसका बेटा सुरक्षित घर आ गया। उसने कहा कि अजय ने खून से लथपथ अपनी तस्वीर उसके व्हाट्सएप पर भेजी और वह भी बांग्लोदश के सिम नंबर से तो वह घबरा गई थी। इसलिए उसने पुलिस के पास जाकर मदद की गुहार लगाई थी।

www.knlslive.com

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# परसोत्तम मास में पंडा बाग मंदिर में भगवान राम अयोध्या में पधारे राज अभिषेक किया गया

हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद में




पंडा वाले भाग मे सावन के परसोत्तम मास में पंडा बाग मंदिर में भगवान राम अयोध्या में पधारे राज अभिषेक किया गया पंडित शिवचरण अग्निहोत्री के मुखारविंद से भगवान राम की सुंदर कथा का वर्णन किया गया परीक्षित मुन्ना पत्रकार की माताजी ने भक्तों के 9 दिन तक राम कथा का रसपान कराया पंडित जी के मुखारविंद से सावन के परसोत्तम मास में ब्राह्मणों को भोजन दान पूर्ण का बहुत महत्व बताया भजन भगवान राम आज राजा बनेंगे राजा बनेंगे महाराजा बनेंगे अयोध्या के राजा बनेंगे गाकर भक्त लोगों ने नृत्य किया प्रीति तिवारी एडवोकेट में पंडित जी को दुपट्टा उड़ा कर माला पुष्प एवं. लिफाफा देकर व्यास जी का आशीर्वाद लिया मुन्ना पत्रकार ने राधे राधे रटो चले आएंगे बिहारी हरे राम हरे कृष्णा प्रतिनिधित्व किया शहर कोतवाल अनिल कुमार चौबे व्यास गद्दी पर मुद्रा देकर ठाकुर जी का आशीर्वाद लिया प्रसाद भंडारा बड़ी धूमधाम से किया गया काफी संख्या में भीड़ रही सावन का पवित्र महीना बाबा भोलेनाथ के जयकारे लगते रहे



## विशेष समुदाय के एक दर्जन से अधिक लोगों ने निकाली कंवर यात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच
श्याम जी कश्यप
फर्रुखाबाद- जिले में दिखी गंगा जमुना तहजीब विशेष समुदाय के एक दर्जन से अधिक लोगों ने निकाली कंवर यात्रा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कावड़ यात्रा निकालकर हिंदू मुस्लिम एकता की दिखाई गंगा जमुना तहजीब मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काबड में गंगा जल भर कर पैदल यात्रा निकाल पहुंचे पांडेश्वर नाथ मंदिर मंदिर करीब 10 किलोमीटर की दूरी तय कर फर्रुखाबाद के ऐतिहासिक मंदिर पांडेश्वर नाथ में चढ़ाई कावर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समान नागरिकता कानून को लेकर निकाली कावड़ यात्रा समान नागरिकता कानून से मुस्लिम समुदाय के लोगों को मिलेगा हक शरीयत के कानून से मुस्लिम समुदाय के लोगों का होता शोषण समान नागरिक संहिता लागू होने से देश समृद्धशाली होगा- असिव अली फर्रुखाबाद के पंचाल घाट गंगा नदी से लेकर शहर क्षेत्र के पांडेश्वर नाथ मंदिर तक निकाली गई कंवर यात्रा

# बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट का प्रशिक्षण



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद -वामा सारथी पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित वेलफेयर सेल में बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट का प्रशिक्षण कराया गया। बच्चों को आर्ट एवं क्राफ्ट महिला आरक्षी प्रतिभा यादव द्वारा सिखाया गया।

कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक लाइन श्री हरपाल सिंह, वेलफेयर प्रभारी उपनिरीक्षक श्री राजेश गौड़ तथा आरक्षी दीपक चौधरी उपस्थित रहे।



## सरकारी स्कूल की टीचर बच्चों से करवा रही बाल श्रम

क्यूँ न लिखूँ सच
श्याम जी कश्यप
फर्रुखाबाद- बच्चों का बाल श्रम करते हुए वीडियो वायरल टीचर बच्चों से मिट्टी उठाने का करवा रहे काम ले वरना आने की वजह से बच्चे से करवाया जा रहा काम टीचर पढ़ाई की जगह बच्चों से करवा रहे हैं बाल श्रम प्रधानाध्यापक खुद बच्चों से पढ़ने की जगह है उठवा रही है मिट्टी छात्रों द्वारा मिट्टी उठाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर हो रहा है वायरल शमशाबाद थाना क्षेत्र के अलेपुर प्रीत धोलेश्वर प्राथमिक विद्यालय का मामला

# आलू का बीज न होने से किसान चिंतित, भेजा पत्र

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा-आलू बुवाई का समय निकट आते ही किसानों के माथे पर चिंता की लकीर उभरने लगी है। उनके लिए फसल बुवाई के लिए आलू का बीज पास नहीं है। बाजार में मंहगा बीज मिलने से किसान परेशान हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आलू का बीज उपलब्ध कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उत्तर प्रदेश किसान महासभा जिलाध्यक्ष राजाराम, योगेश कुमार बघेल, ज्ञान सिंह बघेल, राजवीर सिंह, यतेन्द्र कुमार, देवेन्द्र सिंह किशनवीर सिंह चौहान ने बताया है कि आलू बुवाई का समय आने वाला है। किसानों को सरकार की तरफ से बीज की उपलब्धता को कोई आश्वासन नहीं मिला है।



किसान अपना आलू कोल्ड स्टोरेज की कमी से पहले ही पूरा बेच चुके हैं। अब मंहगा बीज खरीदने के लिए मजबूर हैं। आलू पैदावार लागत, भंडारण और मार्केटिंग नीति न होने से किसान के सामने आये दिन समस्यायें आ रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से सस्ता उन्नत आलू बीज उपलब्ध कराने, आलू उत्पाद वाले कारखाने स्थापित कराने, कोल्ड स्टोरेज किराया नियंत्रित करने, बिजली बिल माफ करने, सहकारी समिति पर खाद उपलब्ध कराने, आलू का निर्यात बढ़ाने की मांग की है।

# पूर्व विधायक के पुत्र सहित 11 पर हेराफेरी का मुकदमा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा-अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह के पुत्र सहित 11 लोगों पर हेराफेरी का मुकदमा दर्ज कराया है। विद्यालय की जमीन को इधर से उधर करने की बात कहीं गई है। लंबी जांच के बाद थाना अलीगंज में जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना अलीगंज में दर्ज कराए गए मुकदमें में बताया गया है कि जनता महाविद्यालय कैल्ठा के बैनामा के माध्यम से जमीन को स्थानांतरण करने की अनुमति दी गई थी। तत्कालीन संस्था जनता इंटर कॉलेज विद्यालय प्रबंधक समिति के प्रबंधक प्रमोद यादव पुत्र रामेश्वर सिंह यादव की ओर से भूमि जनता महाविद्यालय वर्ष 2016 में विक्रय किया गया था। पांच वर्ष बाद 2021 में शुद्धि पत्र के जरिए दान में परिवर्तित कर दिया गया। गांव जाजलपुर में पृथक पृथक दानपत्र में किया गया है। जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा और जनता हायर सेकेंड़री स्कूल के जमीन का दुरपयोग जनता महाविद्यालय को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। संस्था को आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है। तत्कालीन संस्था के समिति प्रबंधक प्रमोद यादव सहित 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इससे पहले इस मामले की जांच विभाग के अलावा राजस्व के अधिकारियों एवं कर्मियों से कराई गई। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## इन लोगों पर दर्ज हुआ है मुकदमा

थाना अलीगंज में दर्ज कराएं गए मुकदमें में संस्था अध्यक्ष आराम सिंह निवासी झाला, उपाध्यक्ष वीरपाल, प्रबंधक प्रमोद यादव, कोषाध्यक्ष विनोद यादव, रेखा परीक्षक लेखा निवासी अमृतपुर रघुपुर थाना जसरथपुर, उप प्रबंधक महेश सिंह निवासी संकिसा, सदस्य रनवीर सिंह निवासी लखुरिया, बृजकिशोर निवासी बसंतपुर, किशनपाल सिंह निवासी राजा का रामपुर, जसवीर निवासी पहाड़पुर मैनपुरी, अमित प्रताप निवासी रूपधनी जैथरा के नाम शामिल है।

# आई फ्लू के हजारों रोगी, डॉक्टर एक भी नहीं

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- जिले में आई फ्लू बढ़ रहा है। इन्हें देखने के लिए सीएचसी-पीएचसी पर कोई नेत्र चिकित्सक नहीं है। जो रोगी पहुंच रहे हैं उन्हें सामान्य डॉक्टर देखकर दवा रहे हैं। जिलेभर की सीएचसी-पीएचसी में एक दिन में आई फ्लू के 2500 से अधिक रोगी पहुंच रहे हैं। बुधवार को जैथरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओपीडी में 350 मरीज उपचार लेने पहुंचे। इनमें 70-80 मरीज आई फ्लू के आए। ओपीडी में डॉ. सुलेमान खान ने बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव से वायरल फीवर, आई फ्लू व खुजली के मरीज आ रहे हैं। उन्हें जांच कर दवाएं दी जा रही हैं। केंद्र पर आई ड्रॉप, अन्य दवाएं उपलब्ध हैं। सीएचसी मारहरा की ओपीडी में मौजूद डॉ. नीलोफर यासीन ने बताया कि आई फ्लू के प्रतिदिन 80 से 100 मरीज आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीएचसी



पर कोई नेत्र चिकित्सक नहीं है, इसलिए आई फ्लू रोगियों को सामान्य ओपीडी में उपचार दिया जा रहा है। मिरहची पीएचसी के एमओआईसी डॉ. राहुल यादव ने बताया कि सामान्य ओपीडी में प्रतिदिन आई फ्लू के 100 से 120 मरीज आ रहे हैं। उनके यहां नेत्र चिकित्सक न होने पर नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. महेंद्र, डॉ. वेद आई फ्लू के मरीजों को जांचकर उपचार दे रहे हैं। सीएचसी सकीट के एमओआईसी डॉ. गौरव यादव ने बताया कि उनके यहां सामान्य ओपीडी में प्रतिदिन आई फ्लू के 40 से 50 मरीज आ रहे हैं। इनको जांच कर उपचार दिया जा रहा है। सीएचसी जलेसर एमओआईसी डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि उनके यहां प्रतिदिन आई फ्लू के 20 से 25 रोगी आ रहे हैं। इनको आप्टोमिस्ट असिस्टेंट रामप्रकाश त्यागी जांच कर उपचार देने का काम कर रहे हैं। सीएचसी चुरथरा एमओआईसी डॉ. बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सीएचसी, पीएचसी अवागढ़ में आई फ्लू के 70 से 80 मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं।

# तीन शातिर अंतर्जनपदीय चोर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- थाना बागवाला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन शातिर अंतर्जनपदीय चोर पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, मौके से चोरी की हुई चार मोटरसाइकिल, 03 अवैध तमंचा, 07 जिंदा तथा 03 खोखा कारतूस तथा डेढ़ किलो गांजा बरामद, पूर्व में भी लूट, चोरी आदि घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम। घटना तथा गिरफ्तारी का विवरण - रात्रि में थाना बागवाला पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर समय करीब 01.50 बजे करतला के जंगल में सिंचाई विभाग की खंडहर पड़ी इमारत के पास से पुलिस मुठभेड़ के बाद तीन



शातिर अभियुक्तों को चोरी की चार मोटरसाइकिल (1. एचएफ डीलक्स रंग काला व नीला नंबर एचआर 51 बीई 1341, 2. अपाचे रंग काला नंबर यूपी 62 एएच 5829, 3. हीरो स्प्लेंडर प्लस रंग काला तथा नीला बिना नंबर 4. बजाज डिस्कवर रंग लाल बिना नंबर) तथा 3 अवैध तमंचा, 7 जिंदा कारतूस तथा 3 खोखा कारतूस 315 बोर तथा डेढ़ किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तीन अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह लोग अपने फरार साथियों के साथ मिलकर 9, जिन्हें यहां छिपाकर खड़ा किया था तथा आज उन्हीं मोटरसाइकिलों को बेचने की फिराक में थे। गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक तथा विनय के विरुद्ध 147, 148, 149, 307, 411 भादंवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट व अभियुक्त सुभाष के विरुद्ध 147, 148, 149, 307, 411 भादंवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। तथा घटना में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

# शहरों में घूम रहे गोवंशो को गौशालाओं में पहुंचाया जाये

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के ब्रज प्रांत के प्रांत अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ कि शहरों में घूम रहे गोवंशो को गौशालाओं में पहुंचाया जाये क्योंकि दिन प्रतिदिन एक्सीडेंटो की संख्या बढ़ रही है जिनमें गोवंश चुटैल हो रहे हैं तथा कुछ काल के मुंह में समा जा रहे हैं तथा जनता को भी एक्सीडेंट के कारण जूझना पड़ रहा है जिसके कारण सरकार की छवि भी खराब हो रही है जबकि माननीय मुख्यमंत्री जी गोवंश को लेकर काफी चिंतित रहते हैं उसके बावजूद भी गोवंश व्यवस्थित नहीं हो पा रहा जबकि गोवंश सुरक्षित करना केवल किसी संगठन का कार्य नहीं है बल्कि पूरे हिन्दू समाज का कार्य है इसलिए हम सबको मिलकर इस कार्य को करना चाहिए। श्री चौहान ने कहाँ कि पूरे ब्रज प्रांत में कहीं पर भी गोकशी तथा गौ तस्करी की घटनाओं का होना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा मेरी पूरे ब्रज प्रांत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भी अपील है कि इस कार्य को पूर्ण रूप से रोका जाए तथा पुलिस प्रशासन भी इस कार्य को अंजाम देने वालों पर गैंगस्टर, रासुका तथा एनएसए के तहत कार्यवाही करें ताकि यह लोग घटना को अंजाम ना दे सके। श्री चौहान ने कहाँ कि गोकशी व गौ तस्करों को लेकर नव नियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एटा से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि जनपद में इस तरीके की कोई भी घटना नहीं होने दी जाएगी।

# वांछित 25,000 रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध असलहा कारतूस तथा चोरी किए हुए 5,060 रुपये बरामद



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा- थाना कोतवाली नगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, करीब 9 माह पूर्व कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत एक्सिस बैंक के एटीएम से हुई चोरी की घटना में वांछित 25,000 रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध असलहा कारतूस तथा चोरी किए हुए 5,060 रुपये बरामद घटना का विवरण- दिनांक 02.11.2022 को थाना कोतवाली नगर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत जीटी रोड पर अरुणा नगर के पास एक्सिस बैंक एटीएम मशीन को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काट कर कैश चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि दिनांक 01/02.11.2022 की मध्य रात्रि को किन्हीं अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उपरोक्त एटीम मशीन को काटकर कर एटीम मशीन से 26,05,500 रुपये चोरी कर लिए हैं। प्रकरण के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 826 / 22 धारा 457, 380, 427 भादंवि पंजीकृत किया गया। उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का तत्काल निरीक्षण किया गया तथा टीम गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया था। गिरफ्तारी तथा अनावरण- दिनांक 27.07.2023 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे 25,000 रुपये के इनामिया अभियुक्त शाकिब पुत्र उमर मोहम्मद निवासी अदरौला थाना हथीन जिला पलवल हरियाणा को कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत रेलवे पुल के नीचे पटरी के पास से एटीएम चोरी के 5,000 रुपये व एक अवैध तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ समय करीब 10.00 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 573 / 23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# सीपीआई में जूनियर छात्र परिषद का चयन

## प्राइमरी विंग में शपथ ग्रहण का आयोजन




हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद- फर्रुखाबाद मे सीपी इंटरनेशनल स्कूल में प्राइमरी विंग के छात्रों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती अंजू राजे प्रधानाचार्य डॉ विनोद शर्मा हेडमिस्ट्रेस श्रीमती संदीपा कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया
हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने एमडी ज्योत्सना अग्रवाल एवं उप निदेशिका श्रीमती अंजू राजे को बुके देकर सम्मानित किया कलर पार्टी छात्रों ने मुख्य अतिथि एमडी श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान दौरान दक्ष राजपूत स्पोर्ट कैप्टन समृद्धि गुप्ता डिसिप्लिन कैप्टन अनन्या राजपूत कल्चरल कैप्टन बनाए गए इनके अलावा दिग्विजय सिंह चैरिटी हाउस कैप्टन अभिनव यादव चैरिटी हाउस वाइस कैप्टन अभिनव मिश्रा ज्वाय हाउस कैप्टन तृप्ति ज्वाय हाउस वाइस कैप्टन आयुष यादव होप हाउस कैप्टन योगीराज होप हाउस वाइस कैप्टन देवांशी पीस हाउस कैप्टन आर्य पाठक पीस हाउस वाइस कैप्टन बनाए गए लगभग 30 मॉनिटर्स भी बनाए गए शपथ ग्रहण के दौरान उपनिदेशिका श्रीमती अंजू राजे ने बताया कि छात्रों को उनकी अवस्था के अनुसार जिम्मेदारियों से अवगत कराना अति आवश्यक है मुख्य अतिथि एवं एमडी श्रीमती ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि बचपन से ही नेतृत्व की क्षमता की ट्रेनिंग देना बहुत ही जरूरी है क्योंकि जब बच्चों को बचपन से नहीं सिखाया जाता है वह बड़े हो जाने पर काम को टालने या सीधे मना करने की आदत डाल लेते हैं प्रधानाचार्य डॉ विनोदचंद्र शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की आदत बना लेने से व्यक्ति को अपने शेष जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान करने की क्षमता प्राप्त होती है हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने छात्रों को उनके जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई कोऑर्डिनेटर राघवेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त किया दिव्या कुशवाहा ने मंच संचालन किया आकाश उदित अंशु गोल्डी भानु भावना संजीव द्विवेदी सहित समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा यह जानकारी कॉलेज के मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार मिश्र दे दी

# एस.एस.बी. कैम्प सोनपथरी के द्वारा स्कूलों में 15 दिन का इंग्लिश स्पोकेन व् इंग्लिश भाषा का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती- रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी कमान्डेंट 62 वीं वाहिनी स.सी.ब. भिनगा के दिशा निर्देशन में एवं सोनपथरी कैम्प प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ के नेतृत्व में 'एफ़' कम्पनी सोनपथरी के कार्यक्षेत्र में पड़ने वाले जूनियर हाई स्कूल सिरसिया में पढ़ने वाले सभी छात्र तथा छात्राओं के लिए 15 दिन (दिनांक 27.07.23 से 10.08.23 तक) इंग्लिश स्पोकेन एवं इंग्लिश भाषा का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 'एफ़' कंपनी सोनपथरी, प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ ने मुख्य आरक्षी सामान्य अमित कुमार को जूनियर हाई स्कूल सिरसिया में पढ़ने वाले सभी छात्र तथा छात्राओं के लिए 15 दिन का इंग्लिश स्पोकेन एवं इंग्लिश भाषा का प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक के तौर पर नियुक्त किया है जो 15 दिन तक स्कूल के छात्र व् छात्राओं को इंग्लिश स्पोकेन के साथ इंग्लिश भाषा का ज्ञान देंगे इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती दूरस्थ गाँव के बच्चों को इंग्लिश भाषा के ज्ञान को बढ़ा कर उन्हें भारत के विकास की मुख्य धारा में शामिल करना है इस दौरान जी' कंपनी तरुस्मा, प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ के साथ अन्य जवान और जूनियर हाई स्कूल सिरसिया के छात्र/छात्राएं व अध्यापकगण मौजूद रहे

# साइबर अपराध नियंत्रण एवं ऑपरेशन त्रीनेत्र को सम्मान समारोह




प्रेमचंद्र जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती-जमुनहा ग्राम पंचायत भेला गांव के साईं गांव चौराहा पर कार्यकर्म आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिलाओ,बालिकाओं पर हो रहे अपराध व साइवर क्राइम के प्रति हो रहे ठगी के शिकार पर नियंत्रण पाने हेतु मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव ने विस्तृत रूप से उपस्थित जन समूह को जागरूक किया। तथा माला पहनाकर सभी को सम्मानित किया गया।

सभी व्यापारियों के सहयोग से चार सी, सी, टी वी कैमरे लगाए गए। इस मौके पर ,डॉ रशीद खान , प्रेमचंद जायसवाल व सभी चौराहा वासियों के सहयोग द्वारा लगवाये गये साईं गांव चौराहा पर चार सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। जो कि थाना मल्हीपुर थाना प्रभारी रामपाल यादव से ने सीसी टीवी कैमरा कनेक्ट किया गया है जो थाना मल्हीपुर में देखा जा सकता है।इस की सराहना करते हुए। स्थानीय लोगो के द्वारा थाना प्रभारी की प्रसंसा करते हुये। इस अवसर पर सुरेश कुमार जयसवाल ,खूशीद खान, अजय कुमार सोनी, गुड्डू खान, मुस्ताक, अजय कुमार सोनी अमित विश्वास, प्रमोद मिश्रा सहित क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पांच लाख रुपये महीने देने पर भी सरकारी अस्पतालों को नहीं मिल रहे डॉक्टर, बिड निरस्त करने की तैयारी



उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पांच लाख रुपये तक का मासिक पैकेज देने के बाद भी सरकारी अस्पतालों को डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। बड़े पैकेज देकर तैनात किए गए कई डॉक्टरों ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। अब ऐसे डॉक्टरों की सूची तैयार की जा रही है, जिससे संबंधित डॉक्टर का बिड निरस्त करके दूसरे नंबर वालों को मौका दिया जा सके। बड़े पैकेज देने पर भी सरकारी अस्पतालों को विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं। ऐसे डॉक्टरों की सूची तलब कर उनकी बिड निरस्त करने की तैयारी है। एनएचएम के तहत प्रदेश में नीलामी (रिवर्स बिडिंग) प्रक्रिया अपनाई गई। इसमें सर्वाधिक मानदेय पांच लाख रुपये प्रतिमाह रखा गया। नीलामी प्रक्रिया के तहत विभिन्न जिलों में 17 तरह के विशेषज्ञों के लिए आवेदन मांगे गए। कुल 2,371 विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इनमें से 391 विशेषज्ञों के प्रमाणपत्रों की जांच कराई गई। इसके बाद 100 विशेषज्ञ चिकित्सकों को अस्पताल में कार्यभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया। इसमें सबसे ऊंची बोली एनेस्थेटिस्ट (बेहोशी के डॉक्टर) की लगी। चित्रकूट की राजापुर सीएचसी में डॉ. गणेश सिंह को पांच लाख रुपये प्रतिमाह के पैकेज पर तैनात किया गया है। इन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।वहीं, कई अस्पतालों में डॉक्टरों ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग अब ऐसे डॉक्टरों की सूची तैयार करा रहा है। इस संबंध में सभी संबंधित मुख्य चिकित्साधिकारियों व अधीक्षकों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित डॉक्टर की बिड स्थगित करते हुए उससे नीचे वाले नाम को वरीयता के आधार पर मौका दिया जाएगा।

### कार्यभार नहीं किया ग्रहण

हमीरपुर जिला अस्पताल में चेस्ट रोग विशेषज्ञ के रूप में 3.45 लाख रुपये प्रतिमाह के पैकेज पर डॉ. सुनीत कुमार का चयन हुआ। सीएमएस डॉ. विनय प्रकाश के मुताबिक अभी तक डॉ. सुनीत ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इसी तरह बलरामपुर जिला अस्पताल में 3.29 लाख के पैकेज पर आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव राज ने भी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

### नहीं मिला रेडियोलॉजिस्ट

रेडियोलॉजिस्ट के रूप में अधिकतम 4.50 लाख रुपये प्रतिमाह के पैकेज पर जिला अस्पताल गोंडा में डॉ. मानवेंद्र सिंह की नियुक्ति की गई। सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि उन्होंने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। इसी तरह मऊ जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एपी गुप्ता ने बताया कि 1.97 लाख में आए डॉ. विद्याधर चौहान कार्यभार ग्रहण करने के बाद से छुट्टी पर चले गए हैं।

# यूपी में बढ़ सकते हैं बिजली के दाम: ईंधन अधिभार शुल्क लगाने की तैयारी में पावर कारपोरेशन, प्रस्ताव दाखिल

यूपी में बिजली के दाम प्रति यूनिट 28 पैसे से लेकर 1.09 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से बढ़ाए जा सकते हैं। नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर दिया गया है।यूपी में जनता को महंगाई का एक और झटका लग सकता है। पावर कारपोरेशन ने ईंधन अधिभार शुल्क लगाने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में नियामक आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर दिया गया हैअगर प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो अलग-अलग श्रेणीवार बिजली के दामों में 28 पैसे प्रति यूनिट से लेकर 1.09 रुपये प्रति यूनिट तक बिजली के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज का तबादला कर दिया गया है। उन्हें प्राविधिक शिक्षा विभाग में भेज दिया गया है। अब आशीष गोयल पावर कारपोरेशन के नए अध्यक्ष होंगे।

# विधायक रामफेरन पांडेय द्वारा किसानों को वितरण किया गया बीज




अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच
श्रावस्ती- किसानों के चेहरे पर ये खुशी प्रधान सेवक के प्रति विश्वास को दर्शाता है! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीकर, राजस्थान में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया आज पी एम किसान की 14 वी किस्त के रूप में 8,5 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में17%500 करोड़ से अधिक की राशि का माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा हस्तांतरण आज इसी क्रम में गिलौला विकासखंड के ग्राम सभा लेगडी़ गूलर में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विचारों को सुना तथा वहां मौजूद 5 किसान को बीज उपलब्ध कराया

# विकास कार्यों को लेकर चल रही बैठक में भाजपा विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भिड़े

सीतापुर जिले में विकास कार्यों की बैठक के दौरान वर्तमान विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आपस में भिड़ गए। बात इतनी आगे बढ़ गई कि जनप्रतिनिधियों को बैठक छोड़कर जाना पड़ा। सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा में विकास कार्यों को लेकर चल रही बैठक में भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इस बीच कई जनप्रतिनिधि बैठक छोड़कर बाहर चले गए। प्रस्ताव को लेकर बहस हुई। जिसके बाद दोनों पक्षो में तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख ने बैठक स्थगित कर दी।जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता ने बताया कि विधायक के साथ कुछ अवांछित लोग मीटिंग रूम में घुस आए थे। इसका विरोध किया तो दोनों विधायक भड़क गए। प्रभारी मंत्री हैं दौरे पर- यह नोकझोंक उस समय हुई जब जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जिले के दौरे पर हैं। उन्होंने निरीक्षण भवन में विधायकों संग बैठक रखी थी लेकिन सिर्फ गिने चुने विधायक ही उस मीटिंग में पहुंचे।

# यूपी के इस जिले में बिना मान्यता चल रहे 491 मदरसे, चीन-पाकिस्तान से आता है पैसा



बहराइच जिले में नेपाल सीमा व आसपास इलाके में करीब 491 मदरसे बिना मान्यता के चल रहे हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जांच में यह बातें सामने आई है। इन मदरसों में करीब 25 हजार बच्चे पढ़ते हैं, जिनका भविष्य दांव पर है। विभाग ने भी सिर्फ इसकी सूचना सरकार को भेजने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की। बताया जा रहा है कि ये मदरसे चंदा व जकात के पैसे से चल रहे थे। बिना मान्यता के चल रहे इन मदरसों में करीब 25 हजार बच्चे पढ़ते हैं। इनके लिए विदेशो से फंडिंग हो रही है। सरकार से उन्हें कोई पैसा नहीं मिलता है।जिले में 301 मदरसा ऐसे भी हैं जिनकी मान्यता है। नेपाल सीमा क्षेत्र में करीब 150 से भी ज्यादा गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालन की बात सामने आई है। सबसे ज्यादा बिना मान्यता के मदरसे नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। रुपईडीहा कस्बे के पास से भारत-नेपाल सीमा शुरू होती है। यहां पर नो मेंस लैंड के आस-पास वाले इलाकों में रहने वाले विशेष समुदाय के बच्चों का प्राइमरी व जूनियर विद्यालयों में नामांकन तो देखा जाता है लेकिन ये सिर्फ सरकारी योजनाओं का फायदा पाने तक ही सीमित है। सीमा क्षेत्र के निबिया, लहरपुरवा, रंजीतबोझा, मिहींपुरवा, पुरवा पचपकड़ी करीम गांव रुपईडीहा, निधि नगर पोखरा, लखैया, सुजौली, अंटहवा, नई बाजार बाबागंज आदि इलाके बिना मान्यता से संचालित मदरसों के मकड़जाल में फंसे हैं।विदेशों से भी हो रही फंडिंग-जिले में जो मदरसे बिना मान्यता के चल रहे हैं, उनको विदेशों से भी धन मुहैया कराया जाता है। नेपाल के रास्ते मदरसों में चीन व पाकिस्तान के लोगों का भी पैसा पहुंचता है। इसे चंदा का रूप दे दिया जाता है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की माने तो जो 491 मदरसा बिना मान्यता के संचालित हैं, उनमें करीब 25 हजार बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन इन बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। इनको सरकार द्वारा दी जाने वाली भी कोई सहायता नहीं मिलती है।

### 11 मदरसों की मान्यता समाप्त

यू डायस प्लस पोर्टल पर 17 मदरसों ने छात्र पंजीकरण की जानकारी नहीं दी थी। इसके चलते इनमें 11 मदरसा संचालकों ने अपनी मान्यता सरेंडर कर दी। इसके बाद विभाग ने मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय कुमार मिश्रा का कहना है कि जिले में मदरसों के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। इसमें गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 491 निकली है, जबकि 301 मदरसों की मान्यता है। पूरी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

# मोहल्ला भीकमपुरा हाथा मंजिलें खा व महमूद खां मे 10 मिनट की बारिश होते ही मोहल्ले में नाले से बहता हुआ गंदा पानी



हारून बख्श
क्यूँ न लिखूँ सच
फर्रुखाबाद -थाना मऊदरवाजा क्षेत्र वार्ड नंबर 31 मोहल्ला भीकमपुरा हाथा मंजिलें खा व महमूद खां मे 10 मिनट की बारिश होते ही मोहल्ले में नाले से बहता हुआ गंदा पानी घरों में भरने लगा मोहल्ले के ही निवासी भोले मियां ने बताया कि यह नाला रेलवे स्टेशन की ओर से जारी किया गया है यहां से गुजरते हुए सड़क की ओर पहुंचा है सड़क पर छोटी सी पुलिया होने के कारण यहां मोहल्ले में पानी भर जाता है कई घंटों के बाद घरों से व सड़कों से पानी निकलता है कई सालों से यह समस्या का सामना हम सभी मोहल्ले वासियों को सहना पड़ रहा है कई बार नगर पालिका में भी प्रार्थना पत्र दिए गए सभासद द्वारा भी प्रार्थना पत्र गए पर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है हम सभी को बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
OWN STATE
www.knlslive.com
28 July 2023


# ज्ञानवापी परिसर के ASI सर्वे पर रोक बढ़ी, तीन अगस्त को आएगा फैसला



इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी सर्वे के मामले में गुरुवार को सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। तीन अगस्त को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने की।ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे पर लगी रोक तीन अगस्त तक बढ़ गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब तीन अगस्त को कोर्ट इस पर फैसला सुनाएगा। इससे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे के मामले में बृहस्पतिवार को निर्धारित वक्त से पहले सुनवाई शुरू हुई। मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी ने बहस की शुरुआत की। एएसआई के अतिरिक्त निदेशक आलोक त्रिपाठी भी कोर्ट में हाजिर हुए। मुस्लिम पक्ष के वकील ने एएसआई के हलफनामे का जवाब दाखिल किया। गुरुवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने दोहराया रामजन्म भूमि मामले में एएसआई को सर्वे की अनुमति मिली थी।इस पर मुस्लिम पक्षकार ने कहा, राम मंदिर मामले में साक्ष्य प्रक्रिया के बाद अनुमति दी गई थी। ज्ञानवापी मामले में ये सब असामयिक हो रहा है। उधर, अतिरिक्त निदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया की एएसआई की स्थापना 1871 में हुई थी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जीपीआर सर्वे ही करेंगे। खोदाई नहीं करेंगे। सर्वे में इमारत को खरोंच तक नहीं आएगी। यूपी के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा के बहस की शुरू। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। यदि तत्काल सर्वे शुरू होता है तो हमें अतिरिक्त सुरक्षा बल की जरूरत होगी। मुस्लिम पक्षकार ने कहा सिविल वाद की पोषणीयता का बिंदु तय होना जरूरी है। पोषणीयता के विधिक बिंदु तय किए बिना सर्वेक्षण गलत है। बताया कि पोषणीयता का वाद सुप्रीम कोर्ट ने लंबित है। इस पर हिंदू पक्ष ने कहा मामले का जल्द निस्तारण होना चाहिए। बुधवार को दिन भर चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी। सुनवाई के दौरान हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की तरफ से अधिवक्ताओं ने अपने तर्क दिए थे। हाईकोर्ट के समक्ष एएसआई के वैज्ञानिक भी उपस्थित हुए। इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर मुस्लिम पक्षकारों की याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं। हिंदू पक्ष की मुख्य वादिनी राखी सिंह के वकील सौरभ तिवारी ने बहस शुरू की। कोर्ट ने उन्हें हिंदी में ही बहस करने को कहा। कोर्ट ने पूछ आप चाहते क्या हैं? इस पर उन्होंने कहा कि सर्वे हो। सौरभ तिवारी ने अपने दावे के समर्थन में तस्वीर पेश किया। कोर्ट ने तस्वीर देखने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि साक्ष्यों को सही समय और सही फोरम पर दिखाएं। मुस्लिम पक्षकार के वकील ने कहा धारा 3 के मुताबिक पूजा स्थल के नेचर में बदलाव नहीं किया जा सकता। न ही कोई अपील और वाद होगा। पहले से लंबित सभी मामले अगस्त 1947 से निस्तारित समझा जाए। हिंदू पक्ष के वकील ने दोहराया कि एएसआई को रामजन्म भूमि मामले में सर्वे की अनुमति मिली थी। मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि राम मंदिर मामले में साक्ष्य प्रक्रिया के बाद अनुमति दी गई थी।' ये सब असामयिक हो रहा है।

# कातिल बना बेटा: जेब खर्च न मिलने पर दोस्त के साथ मिलकर बनाई योजना, पिता को दी खौफनाक मौत




उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में किसान की धारदार हथियार से हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने हत्या की वारदात को कबूल कर लिया है। मुजफ्फरनगर के थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद निवासी किसान देवेंद्र की हत्या उसके इकलौते बेटे ने गांव के ही चाचा-भतीजे के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने मृतक के बेटे प्रशांत और उसके साथियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा कर दिया। बृहस्पतिवार को आरोपी पकड़े गए। पुलिस से पूछताछ में आरोपी प्रशांत ने बताया कि वह गांव के कपिल के साथ मेरठ में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। आरोप लगाया कि पिता देवेंद्र पढ़ाई और अन्य जेब खर्चे देने में हमेशा लड़ाई झगड़ा करता था। इसी कारण अपने साथी कपिल के साथ मिलकर पिता को रास्ते से हटाने की योजना बना ली। कपिल के चाचा अजेंद्र पर लाखों रुपये का कर्ज था। प्रशांत ने कर्ज उतारने का लालच देकर अजेंद्र को योजना में शामिल कर लिया। 19 जुलाई को प्रशांत अपने पिता देवेंद्र को सिसौली बैंक में ले गया। बैंक से वापस लौटते हुए दोनों पहले खेत पर पहुंचे। खेत पर पहले से ही चाचा-भतीजे मौजूद थे। आरोपियों ने देवेंद्र को पकड़कर उसका गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी गांव लौट आए। शाम के समय लोगों को खेत में शव पड़ा होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। थानाध्यक्ष अक्षय शर्मा ने बताया आरोपी प्रशांत, कपिल और अजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पिता की हत्या करने में नहीं कांपे बेटे के हाथ

भौराकलां। जिस बेटे की उंगली पकड़कर पिता ने चलना सिखाया , उसकी हत्या कर दी गई। गढ़ी नौआबाद निवासी देवेंद्र संपन्न किसान था। इकलौते बेटे प्रशांत का लालन-पालन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रशान्त का भविष्य संवारने के लिए उच्च शिक्षा के लिए मेरठ भेजा, जिससे वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान देकर उच्च स्तर की नौकरी प्राप्त कर सके। देवेंद्र ने अपनी मेहनत के बल पर गांव में कृषि भूमि खरीद ली थी। उसकी तमन्ना था कि बेटा भी उसकी तरह ही कठोर मेहनत कर कामयाबी हासिल करें।

# विधायक डॉ. आरके पटेल ने कहा, विधानसभा में उठाएंगे इलाहाबाद विवि में छात्रों के उत्पीड़न का मुद्दा



प्रयागराज-सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर आज सपा का प्रतिनिधि मंडल जिसमें चार विधायक हैं, जेल में बंद छात्रनेता अजय से मिलने के लिए पहुंचा तो जेल प्रशासन ने नियमों का हवाला देकर मिलाने से इनकार कर दिया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल और साथ में मौजूद सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। सपा विधायक डॉ. आरके वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों पर अन्याय और अत्याचार कर रहा है। छात्रसंघ की बहाली और फीस वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर 1090 दिनों से क्रमिक अनशन कर रहे छात्रनेता अजय यादव सम्राट को पुलिस ने फर्जी तरीके से छेड़खानी समेत अन्य मुकदमों में फंसाकर जेल में भेज दिया है।चुन-चुनकर सपा से जुड़े छात्रों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उनकी आवाज को दबाया जा रहा है। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। जिस बैरक में हत्या, बलात्कार, डकैती और गंभीर धाराओं में अपराधी बंद हैं उनके साथ छात्रों को रखा गया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर आज सपा का प्रतिनिधि मंडल जिसमें चार विधायक हैं, जेल में बंद छात्रनेता अजय से मिलने के लिए पहुंचा तो जेल प्रशासन ने नियमों का हवाला देकर मिलाने से इनकार कर दिया। साथ ही प्रतिनिधि मंडल और साथ में मौजूद सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। कहा कि कुलपति भाजपा के इशारे पर कार्य कर रही हैं। एबीवीपी के किसी भी छात्रनेता और कार्यकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। मुकदमा सिर्फ उन्हीं छात्रों पर हुआ है जो समाजवादी पार्टी के समर्थक है या सपा छात्रसभा के जुड़े हैं। जनहित को लेकर आंदोलन करने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाता है। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया जाएगा। यह सरकार डरी हुई है। जो छात्र जनहित का मुद्दा उठाते हैं, उनके खिलाफ गुंडा एक्ट और गैंगस्टर की कार्रवाई की जाती है। एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि छात्र अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनके आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। जो छात्र 1090 से अहिंसात्मक तरीके से आंदोलन कर रहा है क्या वह किसी महिला के साथ छेड़खानी करेगा। इस मौके पर विधायक विजमा यादव, संदीप पटेल, एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव, विधायक हाकिम लाल बिंद, हेमंत सिंह टुन्नू, मनोज काका, उदय प्रकाश यादव, आदिल हमजा आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे पेड़ से लटकता मिला युवती का शव, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, लगाया जाम



आजमगढ़ जिले के भटौरा गांव निवासी एक युवती का शव गुरुवार दोपहर गांव के बाहर सड़क किनारे पेड़ से फंदे के सहारे लटकता मिला। पुलिस के देर से पहुंचने पर परिजन आक्रोशित हो उठे और जाम लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। आजमगढ़ जिले के भटौरा गांव निवासी एक युवती का शव गुरुवार दोपहर गांव के बाहर सड़क किनारे पेड़ से फंदे के सहारे लटकता मिला। जानकारी होते ही परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस के देर से पहुंचने पर परिजन आक्रोशित हो उठे और जाम लगा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने साजिश के तहत युवती की हत्या कर शव को पेड़ पर टांगने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के भटौरा गांव निवासी संगीता सोनकर (18) पुत्री प्रभुनाथ सोनकर का शव गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर रास्ते के किनारे स्थित पेड़ पर दुपट्टे के सहारे लटकता हुआ ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन व ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुलिस को भी सूचना दी गई।

## लेखपाल और चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई की मांग

सूचना के घंटे भर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और भटौरा चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस शव को पेड़ उतरवा सकी और पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। परिजनों ने साजिश के तहत युवती की हत्या कर शव को पेड़ से टांगे जाने का आरोप लगाया है। परिजन व ग्रामीण लेखपाल व चौकी इंचार्ज पर आक्रोशित थे और उन्हें हटाए जाने की मांग कर रहे थे। घटना की सूचना पर एएसपी सिटी शैलेंद्र लाल कई थानों की फोर्स के साथ पहुंचे और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# एएमयू हॉस्टल में युवक को बेल्ट से पीटा, विवि प्रशासन ने घटना अपने यहां की होने से किया मना

वीडियो एक माह पुराना बताया जा रहा है, जो अब वायरल हुआ है। पीड़ित युवक का कहना है कि आरोपी युवक का पिता पुलिस में है। उसके चलते समझौता करा दिया गया। शांति भंग में दोनों का चालान कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर 2 मिनट 07 सेकंड का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियों में एक युवक केवल अंडरवियर पहने हुए है। वह होटल और वहां पर बेइज्जती होने की बात को लेकर दूसरे युवक को बेल्ट से पीट रहा है। वहां पर अन्य लोग इस नजारे को देखते हुए और वीडियो बनाते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो एएमयू के सुलेमान हॉल का बताया जा रहा है, जबकि एएमयू के प्रॉक्टर प्रो वसीम अली ने बताया कि जो वीडियो संज्ञान में आया है, वह पुराना लगता है। इस जगह को सुलेमान हॉल बताया जा रहा है, पर यह सुलेमान हॉल नहीं है, न ही दिख रहे विवि के छात्र हैं, फिर भी मामले की जांच की जा रही है। वीडियो एक माह पुराना बताया जा रहा है, जो अब वायरल हुआ है। वीडियो में एक युवक ने अन्य युवक को जमकर बेल्ट से पीटा। पीड़ित युवक का कहना है कि आरोपी युवक का पिता पुलिस में है। उसके चलते समझौता करा दिया गया। शांति भंग में दोनों का चालान कर दिया गया था।



# There is often pain in the neck and back, then do these four yogasanas

Bad posture and poor lifestyle while working in the office have a profound impact on health. Many people complained of neck and back and waist pain during work from home, some people are troubled by the problem of pack pain due to sitting for long hours due to desk job,



but if the problem of neck and back pain is not resolved in time, then the pain can increase and can take the form of a more serious physical problem. While working on computer or laptop, your shoulders are getting more weight than your eyes. To reduce the pressure on the shoulders, neck, back and waist due to working in wrong ways, you can get relief from pain by practicing yogasanas. Let us know which yogasanas are beneficial in neck and back pain due to continuous desk work. Tadasana - To practice Tadasana, stand with a distance between the ankles and toes of both your feet. Now join the palms and fingers while moving the hands above the waist line. Keeping the neck straight, raise the heels and put the weight of the whole body on the toes. During this, keep the stomach inside. In this state, maintain balance for some time. Then come back to the normal state. Setu Bandhasana - This yoga asana is beneficial for those who do desk work. To do Setu Bandhasana, lying on the back, bend the knees of both the legs and touch the feet on the floor. Now lift the body up with the help of hands and while lifting the back and thigh from the floor to the sky, take a deep breath and exhale. After staying in this state for some time, come back to the first state. Bhujangasana - To practice this asana, lie straight on your stomach and keep your palms under the shoulders. Now stretching the fingers, pull the chest up. Stay in this state and breathe. Come back to the previous state. Shoulder Opener - To do this asana, stand straight and relax your muscles. Now move the palms backwards and mix them together. Pull the shoulders back as far as possible. Then return back to the old position and repeat the process. Note- This article has been prepared on the basis of suggestions of yoga experts. You can contact a yoga guru to know about the correct position of the asana.



# If you have got engaged, do these five things with your fiance, the new relationship will be strong.

Wedding and engagement season is on. There is an engagement ceremony before the wedding. After which the life of every boy and girl changes completely. Many types of responsibilities fall on them. With responsibilities comes a lot of fear. You can talk about this fear only with your future partner. Before sharing your mind, you must first know your partner well. You can find out their nature by talking to your partner during the time between engagement and marriage. Along with this, in these days you can find out how your partner's behavior will be after marriage. In the time between engagement and marriage, if you clear some things in advance, then your married life will be very good. Let us tell you about these things, so that there is no problem in your married life. Talk about responsibilities- After engagement, you should talk openly with your partner about family and relationships. It should be decided in advance that who will have to fulfill what responsibility in the future. This will be very easy after marriage. Talk about the adjustment- Before marriage, the couple should also talk about the adjustment. Along with your problems, tell your mind openly to your partner. Talk about career- This topic is very important for girls. Actually, even today in many places girls are not allowed to do jobs after marriage. Because of which a lot of trouble starts. To avoid this, make this final in advance. Do family planning- After a few days of marriage, the family members start demanding a child. In such a situation, decide this thing beforehand with your partner. Family planning is also very important in today's time. Talk about taking the responsibility of the parents - In today's time, girls also help their parents. In such a situation, they should talk about it openly with their partner beforehand. So that there is no problem later.



# Getting a chance to visit South India, know how much money will have to be spent for the tour package


The Indian Railway Catering and Tourism Corporation of Indian Railways brings great tour packages to the travelers to visit tourist places and religious places. In this tour package of IRCTC, travelers get the facility of budget travel, local transport, accommodation and food. On the special occasion of Sawan month, IRCTC is conducting 'Divya Dakshin Yatra' by Bharat Gaurav tourist train. In this tour package, a tour of the religious places of South India will be taken. South India is famous for its natural beauty as well as religious places.



There are many temples here, where people from all over the country come to visit. One can easily travel to famous places in South India by booking IRCTC tour packages. Let us know from when this tour package is starting to visit the pilgrimage centers of South India and how much money will have to be spent for the journey. Divya Dakshin Yatra with Jyotirlinga- This tour package is starting from 9th August. The journey is of 8 nights and 9 days. The journey will start from Secunderabad. In this tour package, you will be taken on a trip to Arunachal, Kanyakumari, Madurai, Rameswaram, Trichy and Trivandrum. Where to visit? The special train will pass through Kazipet, Warangal, Khammam, Vijayawada, Tenali, Ongole, Nellore, Gudur and Renigunta stations via Secunderabad. Passengers will be taken to Arunachalam Temple from Tiruvannamalai, the pilgrimage center of South India. Ramanathaswamy Temple at Rameshwaram, Meenakshi Amman Temple at Madurai, Tourist Rock Memorial at Kanyakumari, Kumari Amman Temple and Sree Padmanabhaswamy Temple at Trivandrum will get a chance to visit. Divya Dakshin Yatra Cost - Different categories of fare in this IRCTC tour package Is different. You can book a ticket for Rs 14,300 per person for traveling in economy class. On the other hand, for double or triple sharing in standard class, the per person fare will have to be paid Rs 21900. The cost per person for traveling in comfort class will be Rs 28500.

# Healthy benefits of eating lentils and rice, weight can also be reduced

Most of the pulses and rice are made in the kitchen of almost every household in India. Dal Chawal is most popular in daily food. In terms of taste, lentil rice is delicious, while for health, lentil rice can also be included in healthy food. According to experts, pulses and rice are beneficial for the growth of children. In such a situation, it is advised to feed pulses and rice to the children. Apart from this, there are many healthy benefits of eating lentils and rice. Dal rice is considered good for the health of adults as well as children. Many nutrients are found in lentils, which along with providing energy to the body is also better for immunity. Those who want to control weight or want to lose weight, they should also consume pulse rice. From the growth of children to the health of elders, how is dal rice so nutritious? Learn how to consume lentils and rice to benefit the body. Nutrients found in lentils - Lentils are a treasure for health. Lentils are rich in fibre, B vitamins, magnesium, zinc and potassium. All these nutrients are necessary for the body. There is very little fat in pulses. Rich in minerals, vitamins, antioxidants and fiber that aids in digestion. Lentils are very easy to digest. Along with this, eating pulses makes the stomach feel full for a long time. There is no worry of taking more calories due to lack of hunger and weight is controlled. Nutrients found in rice - Like lentils, rice is also found in a lot of nutrients. Sodium, potassium, carbohydrate, protein, fiber, magnesium, iron, calcium are found in it. The body gets energy by consuming rice. Rice contains neither harmful fat nor cholesterol and sodium. Rice is a balanced diet. You can also eat brown rice for weight loss. Consuming lentils and rice for weight loss - People trying to lose weight pay special attention to diet. Many people believe that eating rice leads to weight gain. But consuming lentils and rice in the right way and on time can reduce weight. The combo of pulses and rice is very healthy. According to the expert, if a normal quantity of pulses and rice is consumed in the dinner for a month, then you will start seeing its effect. While eating lentils and rice, keep in mind that lentils are to be eaten in large quantities and rice is to be consumed in small quantities. Adding ghee to the pulse-rice combo makes it a balanced diet. Ghee contains vitamins A, D, E and K, which are beneficial for health.



# Zareen Khan did not get work in films because of Katrina Kaif? Bolin- The industry has never given me...



Bollywood actress Zareen Khan has broken her silence on being compared with Katrina Kaif. He said that it has affected his film career. Bollywood actress Zareen Khan made her acting debut in the year 2010 with the Salman Khan starrer film 'Veer'. The actress is more in discussion about her looks than her films. Zareen's look is very similar to Katrina Kaif, due to which she and her acting skills are compared to the actress to a great extent. At the same time, now after a long time, the actress has finally broken her silence on being compared with Katrina. Yes, during an Ask Me Anything session, she interacted with her fans and answered their questions. He wrote, "Hi I'm Zareen Khan. I have acted in films like Veer, Ready and Housefull 2. Ask me anything about films, characters, acting, life, my journey and social topics." After this a user asked him how the comparison had affected him. She wrote, "Hi Zareen, in your initial days in Bollywood people used to compare you with Katrina Kaif. How did you feel about it and did it have any impact on the big screen?" Zareen answered the question by saying, "Hi, I was really like a lost child when I entered this industry because I didn't come from a filmy background, so I felt really happy when I was compared to Katrina because I was." I was also her fan and found her really beautiful, but it affected my career adversely as people in this industry did not give me a chance to prove my skills."On the work front, Zareen has been a part of films like 'Housefull 2', 'Hatestory 3', 'Aksar 2'. Apart from this, she has also worked in a few Punjabi films with Gippy Grewal, including 'Jatt James Bond' and 'Daaka'. Nor was last seen in the Bollywood film 'Hum Bhi Akele Tum Bhi Akele'.

# These stars became 'headache' for the neighbors, people reached the police station due to the antics of celebs

The stars of Bollywood are known for their best films and performances. Some fans are famous for their good behavior. But there are some stars in Hindi cinema who became a source of trouble for others. In such a situation, today we are telling you about some such stars, due to which their neighbors have been troubled and have also complained against them, let us know about these stars- Preity Zinta- The neighbors of the cutest actress of her time, Preity Zinta, had complained in the year 2015. People had said that Preeti takes undue advantage of her star status. Her neighbors said that Preeti goes to the garden and swimming pool with her bouncers, and as long as Preeti is in the park or swimming pool, her bouncers do not allow other children to enter the park or swimming pool. Kareena Kapoor- Bollywood actress Kareena Kapoor Khan's name is also included in this list. According to media reports, when the actress organized the film's success party at her home in the year 2016, there was a lot of uproar during that time. Due to which the neighbors had called the police. Shahid Kapoor-Shahid Kapoor, who often appears calm in films, has also troubled his neighbors in real life. According to reports, when the actor was getting his house repaired in Juhu, the laborers working there disturbed the people around, after which the neighbors even lodged a complaint with the police. Shakti Kapoor- Bollywood's famous actor Shakti Kapoor was once accused of urinating in the lift and roaming in the corridor without clothes. Shakti Kapoor's neighbors had lodged a case against her in the police station, after which Shakti Kapoor had accepted her mistake and apologized to the neighbors. Aishwarya Rai- Being upset with Aishwarya Rai Bachchan, the neighbors have made rounds of the police. It is about the time when the name of the actress was associated with Bollywood superstar Salman Khan. According to reports, the actor once created a ruckus by reaching Aishwarya Rai's house late at night, after which the neighbors took the matter to the police.









# These are the richest stars of Punjabi cinema, they own property worth billions

In earlier times, only Bollywood and Hollywood stars were able to make their mark across the country, but with time this trend has also changed. Now the regional industry is also getting love from every corner of India. One of these is the Punjabi film industry, whose actors have become famous all over India. These stars have made a special identity in the hearts of people with their talent. In such a situation, today we are going to tell you about the net worth of some stars of Punjabi industry. Diljit Dosanjh- Singer and actor Diljit Dosanjh has made a distinct identity in both Punjabi and Hindi industry. He is one of the highest paid stars in Punjabi cinema. According to reports, the total assets of Diljit Dosanjh are around Rs 205 crores. He also earns well from films and live concerts. Ammy Virk- Ammy Virk is a famous singer as well as a great actor. He has also worked in Punjabi as well as Bollywood industry. Amy is included in the list of expensive stars of Punjabi industry. According to reports, he is the owner of around 131 crore assets. Amarinder Gill- Amarinder Gill also has millions of fans across the country. He earns a lot from acting. In terms of fan following, he is not behind other stars. According to media reports, he is also the owner of crores. His net worth is 163 crores. Gippy Grewal- Gippy Grewal is also included in this list. With his acting, he has achieved a special place in the hearts of people. Fans eagerly wait for his films. According to media reports, Gippy's net worth is 147 crores.In earlier times, only Bollywood and Hollywood stars were able to make their mark across the country, but with time this trend has also changed. Now the regional industry is also getting love from every corner of India. One of these is the Punjabi film industry, whose actors have become famous all over India. These stars have made a special identity in the hearts of people with their talent. In such a situation, today we are going to tell you about the net worth of some stars of Punjabi industry. Diljit Dosanjh- Singer and actor Diljit Dosanjh has made a distinct identity in both Punjabi and Hindi industry. He is one of the highest paid stars in Punjabi cinema. According to reports, the total assets of Diljit Dosanjh are around Rs 205 crores. He also earns well from films and live concerts. Ammy Virk- Ammy Virk is a famous singer as well as a great actor. He has also worked in Punjabi as well as Bollywood industry. Amy is included in the list of expensive stars of Punjabi industry. According to reports, he is the owner of around 131 crore assets. Amarinder Gill- Amarinder Gill also has millions of fans across the country. He earns a lot from acting. In terms of fan following, he is not behind other stars. According to media reports, he is also the owner of crores. His net worth is 163 crores. Gippy Grewal- Gippy Grewal is also included in this list. With his acting, he has achieved a special place in the hearts of people. Fans eagerly wait for his films. media reports, Gippy's net worth is 147 crores.

